भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 5454**

उत्तर देने की तारीख 05 अप्रैल, 2022

15 चैत्र, 1944 (शक)

## युवा कार्यक्रमों की विशेषताएं

5454. श्री अजय निषादः

श्री चन्दन सिंहः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में सरकार द्वारा शुरू किए गए युवा कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) बिहार सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा इस संबंध में दी गई और खर्च की गई कुल धनराशि कितनी है;

(ग) इस कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मिलित/सम्मिलित किए जाने वाले क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(घ) इस कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य क्या हैं;

(ङ) क्या सरकार ने इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों को सम्मिलित किया है/सम्मिलित करने का विचार किया है; और

(च) यदि हां, तो बिहार सहित राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय देश में युवाओं को प्रोत्साहित करने और उनके विकास के लिए निम्नलिखित तीन प्रमुख स्कीमों/ कार्यक्रमों को कार्यान्वित करता है :

1. राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) जिसमें निम्नलिखित 7 उप-स्कीमें शामिल हैं :

(i) नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस)

(ii) राष्ट्रीय युवा कोर,

(iii) राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम,

(iv) अंतरराष्ट्रीय सहयोग,

(v) युवा छात्रावास,

(vi) स्काउटिंग और गाइडिंग संगठनों को सहायता,

(vii) राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम

2. राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)

3. राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी)।

(ख) बिहार राज्य सहित पूरे देश के लिए धनराशि स्कीम-वार आवंटित की जाती है (राज्य-वार नहीं)। उपर्युक्त (क) में उल्लिखित स्कीमों के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान दी गई और खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है ।

(ग) और (घ): उपर्युक्त स्कीमों/ कार्यक्रमों का फोकस क्षेत्र स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से युवाओं/ छात्रों के व्यक्तित्व को विकसित करना और उन्हें राष्ट्र-निर्माण कार्यकलापों में सहभागी बनाना है । उपर्युक्त स्कीमों/कार्यक्रमों के माध्यम से मंत्रालय का लक्ष्य युवाओं की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे अन्य लोगों को सार्थक जीवन जीने में उनकी सहायता करने के लिए नेतृत्व प्रदान कर सकें, युवाओं में नेतृत्व कौशल को विकसित करने के लिए उन्हें मजबूत चरित्र, आत्म-अनुशासन, सत्यनिष्ठा, सकारात्मक दृष्टिकोण, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता और राष्ट्र–निर्माण के लिए कार्य करने की तीव्र इच्छा पैदा करना है जिससे उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सके ।

(ड.) और (च): इस मंत्रालय की उपर्युक्त सभी स्कीमों/ कार्यक्रमों को ग्रामीण क्षेत्रों सहित अखिल भारतीय स्तर पर कार्यान्वित किया जाता है ।

****

<u>अनुबंध</u>

**'युवा कार्यक्रमों की विशेषताएं' के संबंध में श्री अजय निषाद और श्री चन्दन सिंह द्वारा दिनांक 05.04.2022 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5454 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

करोड़ रु.

| क्र. सं. | स्कीम | 2018-19 | | | 2019-20 | | | 2020-21 | | | 2021-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बीई | आरई | व्यय | बीई | आरई | व्यय | बीई | आरई | व्यय | बीई | आरई | व्यय |
| क | सचिवालय समाज सेवा व्यय | 30.00 | 30.00 | 27.83 | 32.00 | 32.00 | 29.10 | 33.00 | 30.00 | 29.35 | 35.00 | 34.02 | 31.14 |
| | **कुल - क** | **30.00** | **30.00** | **27.83** | **32.00** | **32.00** | **29.10** | **33.00** | **30.00** | **29.35** | **35.00** | **34.02** | **31.14** |
| ख | **राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके एकछत्र स्कीम)** | | | | | | | | | | | | |
| 1 | नेहरू युवा केंद्र संगठन | 255.00 | 287.40 | 287.40 | 256.92 | 363.18 | 363.18 | 300.00 | 267.75 | 267.75 | 326.50 | 365.00 | 352.00 |
| 2 | राष्ट्रीय युवा कोर | 80.00 | 47.60 | 35.37 | 80.00 | 75.00 | 75.00 | 90.00 | 60.00 | 57.55 | 75.00 | 57.50 | 57.50 |
| 3 | राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम | 25.00 | 25.00 | 21.90 | 21.00 | 21.00 | 20.28 | 23.00 | 20.00 | 12.79 | 21.00 | 24.00 | 12.41 |
| 4 | अंतरराष्ट्रीय सहयोग | 20.00 | 20.00 | 15.15 | 21.00 | 21.00 | 19.21 | 30.00 | 6.92 | 6.39 | 14.00 | 14.00 | 8.90 |
| 5 | युवा छात्रावास | 1.70 | 1.70 | 1.57 | 2.50 | 22.50 | 1.27 | 20.00 | 3.00 | 1.89 | 6.00 | 4.00 | 1.30 |
| 6 | स्काउटिंग और गाइडिंग | 1.50 | 1.50 | 1.50 | 1.50 | 1.50 | 0.75 | 1.50 | 0.75 | 0.00 | 1.50 | 1.50 | 0.38 |
| 7 | युवा नेता कार्यक्रम | 20.00 | 20.00 | 9.88 | 12.00 | 27.95 | 10.61 | 22.00 | 4.35 | 2.70 | 14.00 | 8.00 | 7.03 |
| | **कुल - ख** | **408.20** | **408.20** | **376.65** | **394.92** | **532.13** | **490.30** | **486.50** | **362.77** | **349.07** | **458.00** | **474.00** | **439.52** |
| ग | राष्ट्रीय सेवा योजना | 160.00 | 160.00 | 126.19 | 160.00 | 166.55 | 151.61 | 172.00 | 72.98 | 84.29 | 165.00 | 231.00 | 147.65 |
| घ | राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान | 23.00 | 23.00 | 19.84 | 30.00 | 46.24 | 46.24 | 35.00 | 21.00 | 21.00 | 32.00 | 25.00 | 25.00 |
| | **कुल योग** | **621.20** | **621.20** | **550.51** | **616.92** | **776.92** | **717.25** | **726.50** | **486.75** | **483.71** | **690.00** | **764.02** | **643.31** |

*ई-लेखा के अनुसार **25.03.2022** तक की स्थिति